# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा: राफेल डील में पीएमओ का दखल नहीं, सभी याचिकाएं हों खारिज

**विधि संवाददाता**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने राफेल लड़ाकू विमान डील में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए इसे सबसे बड़ा मुद्दा बनाया। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस डील के लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार बताया। इन तमाम आरोपों के बाजवूद देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को चुना और बीजेपी को प्रचंड बहुमत दिया। अब जबकि नरेंद्र मोदी दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं तो केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लिखित जवाब देते हुए राफेल से जुड़ी याचिकाएं खारिज करने की मांग की है।

सुप्रीम कोर्ट को भेजे गए लिखित जवाब में सरकार ने कहा है कि राफेल मुद्दे पर पुनर्विचार याचिका बनावटी और गलत आरोपों पर आधारित है। सरकार ने कोर्ट को बताया कि रक्षा मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट से कोई जानकारी नहीं छुपाई है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को इस डील में प्रधानमंत्री कार्यालय के दखल वाले आरोप पर भी जवाब दिया। सरकार ने कोर्ट को बताया कि इस रक्षा सौदे में प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से कोई समानांतर बातचीत नहीं की गई है। ये तमाम तर्क देते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस संबंध में दायर याचिका चोरी हुई फाइलों से ली गई कुछेक जानकारी पर आधारित है, जिसकी गलत व्याख्या की गई है। सरकार ने कह, 'किसी भी हस्तक्षेप से भारतीय वायु सेना की कार्यप्रणाली पर प्रभाव पड़ सकता है। राफेल डील में हस्तक्षेप करने और करार की जांच कराने का बेजा प्रयास किया जा रहा है। अदालत को पहले भी फैसले में कोई त्रुटि नहीं मिली थी। कैग की रिपोर्ट ने भी सरकार के कदम को सही ठहराया है। लिहाजा, याचिकाएं खारिज की जाएं।' बता दें कि फ्रांस की दसॉ कंपनी से भारतीय वायुसेना के लिए राफेल लड़ाकू विमान खरीदे जा रहे हैं। ये डील कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में हुई थी। राहुल गांधी आरोप लगाते रहे हैं कि उनकी पार्टी की सरकार के दौरान विमान की जो डील हुई थी, उससे करीब तीन गुना कीमत में मोदी सरकार के दौरान राफेल खरीदा जा रहा है। राहुल ये भी आरोप लगाते हैं कि विमान बनाने की कॉन्ट्रैक्ट एचएएल कंपनी की बजाय उद्योगपति अनिल अंबानी की नवगठित कंपनी को देकर उन्हें 30000 करोड़ का फायदा पहुंचाया गया।

# वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख जगनमोहन रेड्डी आज मोदी से मिलेंगे

नई दिल्ली, (भाषा)। वाईएसआर कांग्रेस अध्यक्ष वाई एस जगनमोहन रेड्डी के यहां रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि मुलाकात के दौरान मोदी सरकार को बाहर से या मुद्दा आधारित समर्थन देने पर चर्चा होने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि रेड्डी की पार्टी ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आंध्र प्रदेश में बृहस्पतिवार को शानदार जीत हासिल की। रेड्डी 30 मई को विजयवाड़ा में राज्य के नये मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। दोनों नेताओं (मोदी और रेड्डी) की यह बैठक काफी मायने रखती है क्योंकि वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि उनकी पार्टी आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने वाली किसी भी पार्टी का समर्थन करेगी। एक आधिकारिक सूत्र के मुताबिक वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख कल सुबह दिल्ली पहुंचेंगे और दोपहर में प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे।

# कश्मीर में 8 आतंकी कमांडरों की तलाश, जो कई सालों से हाथ नहीं आ रहे

**अनिल एस साक्षी**

जम्मू। सुरक्षाबलों को कश्मीर में अब उन 8 आतंकी कमांडरों की तलाश है जो पिछले कई सालों से सक्रिय हैं। ये सभी बुरहान वानी के साथ ही आतंकवाद ही राह पर चले थे पर अभी तक हाथ नहीं आए हैं। इनमें हिज्ब कमांउर रियाज नायकू, आदिल, शिराजी, हमाद, फारूक बिजरान, जुनैद सहराई व समीर शामिल हैं। अधिकतर पर 10 से 15 लाख रूपयों का इनाम है। सभी को डबल ए श्रेणी में रखा गया है। ये सभी स्थानीय आतंकी हैं जो कश्मीर में अब नई भर्तियों तथा युवकों को बरगलाने के लिए जिम्मेदार माने जा रहे हैं। रियाज नायकू 2012 से मैदान में है जबकि कुछेक ने बुरहान वानी की मौत के बाद हथियार उठाए हैं। बीच-बीच में इनमें से कई लापता भी हो जाते हैं और फिर अचानक सामने आ जाते हैं।सीमा पार बैठे उनके आका इन आतंकी कमांडरों को सुरक्षाबलों पर हमलों से दूर रहने की हिदायतें दे रहे हैं। दरअसल भर्ती में कमी होने तथा सुरक्षाबलों के दबाव के बढ़ जाने से मारे जाने वाले आतंकियों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। इस साल भी अभी तक 90 आतंकी ढेर हुए हैं जबकि पिछले साल 270 मारे गए थे। अधिकारी कहते हैं कि अगर वे इन कमांडरों को मार डालने में कामयाब होते हैं तो एक हद तक आतंकवाद पर रोक लगेगी क्योंकि नई भर्ती मुश्किल होगी और बिना कमांडरों के आतंकियों की फौज का मनोबल टूट जाएगा। बुरहान वानी की मौत के बाद कश्मीर में मारे जाने वाले आतंकियों में से हर दूसरा आतंकी कमांडर ही था। यह पाकिस्तान की नई रणनीति है जिसके तहत वह आतंकी नहीं बल्कि अब कमांडर भर्ती किए जा रहे हैं।

# सूरत अग्निकांड में जान गंवाने वाली तीन छात्राएं 12वीं परीक्षा में उत्तीर्ण

सूरत, (भाषा)। गुजरात के सूरत में सरथाना स्थित एक वाणिज्यिक परिसर में लगी भयंकर आग में जान गंवाने वाले 20 छात्र-छात्राओं में से तीन छात्राओं ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा दी थी और शनिवार को घोषित परिणाम के अनुसार वे इसमें उत्तीर्ण घोषित की गई हैं।

पुलिस ने बताया कि मृतकों में 16 लड़कियां हैं। इनमें से सबसे छोटी की आयु 15 वर्ष और सबसे बड़ी की आयु 22 वर्ष है। सूरत पुलिस के प्रवक्ता पी एल चौधरी ने कहा कि इस हादसे में तीन..चार वर्ष का एक बच्चा भी झुलस गया और वह अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने बताया कि तक्षशिला कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल पर कोचिंग कक्षाएं चला रहे भार्गव भूटानी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया।मृतकों में याश्वी केवडिया, मानसी वरसाणी और हस्ती सुरनी गुजरात बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित हुई थीं जिसके परिणाम शनिवार को घोषित हुए। उन्होंने कहा, याश्वी ने परीक्षा 67.75 पर्सेंटाइल (सी। ग्रेड) से उत्तीर्ण की, मानसी को 52.03 पर्सेंटाइल (सी। ग्रेड) प्राप्त हुए और हस्ती ने परीक्षा 69.39 पर्सेंटाइल (बी2 ग्रेड) से उत्तीर्ण की। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, सबसे कम उम्र की छात्रा इशा काकाडिया की आयु 15 वर्ष जबकि सबसे बड़ी आयु की गरिश्मा गजेरा की आयु 22 वर्ष है। अधिकतर पीडतिों की आयु 17 से 18 वर्ष के बीच है। उन्होंने कहा, अधिकतर की मृत्यु आग में झुलसने से हुई, दो से तीन की मृत्यु आग से बचने के लिए इमारत की तीसरी और चौथी मंजिल से कूदने से हुई। इससे पहले शनिवार सुबह सूरत पुलिस आयुक्त सतीश शर्मा ने कहा कि पुलिस ने सूरत कोचिंग केंद्र के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है और दो अन्य व्यक्ति वर्तमान में फरार हैं। ये दोनों बिल्डर हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने इस भीषण घटना के बाद शुक्रवार को स्कूलों, कालेज और कोचिंग सेंटरों की आग सुरक्षा आडिट का आदेश दिया।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the public that Original Conveyance Deed dated 05.08.2013 executed by HSIIDC Ltd. in favour of Mrs. Sovinder Kaur vide its registration no.3661, Plot No. 53 & 54, area 3600 sqmtrs. sitauted at Sector-16, Industrial Estate, Bahadurgarh, hereinafter referred to as "the said property" has been lost/misplaced. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

**For Kumar & Associates**
**(Advocates & consultants)**
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Najafgarh Road, Moti Nagar- N. D.-15
kumarassociates.advocate@gmail.com
Ph: 9811494913

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the public that Original Sale Deed dated 04.05.1971 executed by Mr. Santram Verma in favour of Mr. Krishan Lal Bahl vide registration no. – 274, of Property No. 25, area measuring 189 sq. yds. municipal No. 292/2, Lajpat Nagar, Gurgaon "said property" has been lost/misplaced by the present owner. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

**For Kumar & Associates**
**(Advocates & consultants)**
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Najafgarh Road, Moti Nagar- N. D.-15
kumarassociates.advocate@gmail.com
Ph: 9811494913

**उत्तर रेलवे**

**रेलवे भर्ती सैल (आर आर सी)**
लाजपत नगर-I, नई दिल्ली–110024
वेबसाईट: www.rrcnr.org

सं. 220–ई/आरआरसी/जीडीसीई/2019–20 दिनांक: 24.05.2019

**सांकेतिक सूचना**

रेल कोच कारखाना कपूरथला, मॉर्डन कोच फैक्टरी रायबरेली और डीजल लोको आधुनिकीकरण कार्यशाला पटियाला सहित एनआर के सेवारत नियमित रेलवे कर्मचारियों के लिए उत्तर रेलवे के भीतर विभिन्न पदों के लिए सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) अधिसूचना सं. 01/2019/ जीडीसीई आरआरसी/एनआर की वेबसाइट www.rrcnr.org पर उपलब्ध है।

सेवारत नियमित रेलवे कर्मचारी जो इच्छुक एवं योग्य हैं, अधिसूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार केवल उचित माध्यम से आवेदन कर सकते हैं

1609/19 अध्यक्ष/आरआरसी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर/ सीटीसी/ एनसीआरपीयू/टूण्डला के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमन्त्रित करते है। **ई- निविदा सूचना संख्याः** NCRPU-TDL-VEHICLE-2-2019 dated- 21.05.2019 **कार्य का नामः** उप मुख्य संकेत व दूर संचार इंजीनियर/सी टी सी/ एन.सी.आर.पी.यू./ टूण्डला के लिए प्रोजेक्ट के विभिन्न कार्यों के निरीक्षण व अवलोकन हेतु तीन (02 टूण्डला में और 01 अलीगढ़ में) बिना वातानुकूलित वाहन जैसे जीप/जिप्सी/सूमो अथवा समकक्ष जो पूर्ण रुप से अच्छी अवस्था में हो, को किराये पर लेना। **अनुमानित लागतः** ₹1655158/- **अमानत राशिः** ₹ 33100/- **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 0.00 **निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय-** दिनांक 17.06.2019 को दोपहर 11.30 बजे तक। स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि- 12 माह। वैलिडिटि पीरियड- 45 दिन। नोट- 1. टेंडर डॉक्यूमेंट के साथ समस्त जानकारी वेबसाइड **www.ireps.gov.in** पर 11.30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। 2.इ-बिड्स के अलावा किसी प्रकार की बिड्स स्वीकार नही की जाएगी। इस कार्य के लिए वेंडर्स अपने क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (CCA अंडर आईटी एक्ट 2000 द्वारा जारी) के साथ IREPS वेबसाइड में रजिस्टर्ड होने चाहिए। 3.रेट्स जो कि फाइनेंसियल रेट पेज में इंटर किये गयें है और डिलिटल सिग्नेचर किये गए है वही विचार किये जायेंगें रेट्स और कोई फाइनेंसियल स्थिति किसी भी रुप में या लैटर हैड संलग्न किया गया हो वह इगनोर किया जायेगा और विचार नही किया जायेगा। **4.** जो भी डाक्यूमेंट संलग्न किये गए हैं वे ठेके दार के द्वारा डिजीटल सिग्नेचर किये गए हो। **5.** सभी डिटेल्स के लिए और बिड जमा करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइड को देखें।

687/19 Ad

24x7 यात्री सेवा हेल्पलाइन नं0:- 138

**M/S BHARAT BHUSHAN FINANCE & COMMODITY BROKERS LIMITED**
(CIN-L67120DL1992PLC049038), Tel No. 011-49800900, Fax: 011-49800933
E-mail: commodities@bharatbhushan.com, Website: www.bbinvestments.in
Regd. Office : 503, Rohit House, 3 Tolstoy Marg, Connaught Place, New Delhi-110001
AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / YEAR ENDED 31ST MARCH 2019

(Rs. in Lakhs)

| Particulars | For quarter ended 31.03.2019 | For Year Ended 31.03.2019 | For Year Ended 31.03.2018 | For quarter ended 31.03.2018 |
|---|---|---|---|---|
| | UNAUDITED | AUDITED | AUDITED | UNAUDITED |
| 1. Total Income from operations | 30.16 | 106.65 | 103.33 | 29.87 |
| 2. Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 21.92 | 77.04 | 74.79 | 22.36 |
| 3. Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 21.92 | 77.04 | 74.79 | 22.36 |
| 4. Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 17.65 | 62.16 | 59.51 | 17.07 |
| 5. Equity Share Capital | 338.04 | 338.04 | 338.04 | 338.04 |
| 6. Reserves (excluding Revaluation Reserve) (as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year) | NA | 575.72 | 558.38 | N.A |
| 7. Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | |
| - Basic | 0.52 | 1.84 | 1.76 | 0.50 |
| - Diluted | 0.52 | 1.84 | 1.76 | 0.50 |

**Notes :**
1. The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results vide Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited Financial Results are available on the website of the stock exchange (www.bseindia.com) and on Company's website (www.bbinvestments.in).
2. The above Unaudited Financial Results for the quarter and Audited Financial Results for the year ended March 31st, 2019 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in its meeting held on May 24, 2019.
3. The Board of Directors have recommended a dividend @ 6 % i.e. Rs. 0.60 /- paise per equity share of Rs. 10 each for the Financial Year 2018-19.
4. The figures for the last quarter are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and published year to date figures up to the third quarter of the respective year.

**ON BEHALF OF THE BOARD OF DIRECTORS**
Sd/-
Nisha Ahuja
Director
DIN : 00001875

Place : New Delhi
Date : 24.05.2019

**SUPRANEET FINANCE AND CONSULTANTS LIMITED**
Regd. Office: C-55/2, Wazirpur Industrial Area, Delhi-110 052
Ph: 011-42952500, Fax: 011-27377373
E-Mail: info@sfclindia.com, Website: www.sfclindia.com
CIN: L65921DL1989PLC035261

**EXTRACT FROM STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2019**

(Rs. in Lacs)

| PARTICULARS | Quarter ended 31.03.2019 (Audited) | Quarter ended 31.03.2018 (Audited) | Year ended 31.03.2019 (Audited) | Year ended 31.03.2018 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 7.75 | 7.86 | 32.20 | 32.49 |
| Net Profit /(Loss) from ordinary activities after tax | 5.67 | 0.59 | 0.30 | 2.12 |
| Net Profit /(Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | 5.67 | 0.59 | 0.30 | 2.12 |
| Equity Share Capital | 287.67 | 287.67 | 287.67 | 287.67 |
| Reserves (excluding revaluation reserve as shown in the balance sheet of previous year) | – | – | | – |
| Earnings per share (before extraordinary items) (of Rs. 10/- each) Basic & Diluted : | 0.20 | 0.02 | 0.01 | 0.07 |
| Earnings per share (after extraordinary items) (of Rs. 10/- each) Basic & Diluted : | 0.20 | 0.02 | 0.01 | 0.07 |

**Note :**
1. The above financial results have reviewed and recommended by the audit committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 25.05.2019.
2. The Company has not received any complaint from investors during the quarter ended on 31.03.2019.
3. As the source of income comes from single segment of finance and investment, hence the segment reporting as under AS-17 is not applicable.
4. This Statement is as per Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015.
5. Figure of previous period are re-grouped/re-classified/re-arranged, whereever necessary to corresponded with current period.

For and on behalf of the Board
Sd/-
**Ajay Kumar Garg**
**(Director)**
DIN: 00382981

Place : Delhi
Date : 25.05.2019

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. CIID/SLR/Tender/2017 दि. 24.05.2019

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/माल भाड़ा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा खुली निविदा, दिल्ली मण्डल में नई लीजिंग पॉलिसी–2014 के तहत पंजीकृत लीज होल्डरों से निम्नलिखित गाड़ियों के एस.एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बे को लीज पर देने के लिए ई–प्रक्रिया द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा खुलने की तिथि : 26.06.2019**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहाँ से | कहाँ तक | वाहन क्षमता | कम्पार्टमेंट (एस. एल. आर./एस. एल. आर. डी.) | गाड़ी चलने के दिन | आरक्षित मूल्य प्रति दिन प्रति कम्पाटमेंट रु. में | धरोहर राशि रु. में | निविदा राशि @ 18% GST सहित (रु. में) | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 54413 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54413-May19 |
| 2 | 54413 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-FII-54413-May19 |
| 3 | 54413 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54413-May19 |
| 4 | 54309 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54309-May19 |
| 5 | 54309 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-FII-54309-May19 |
| 6 | 54309 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54309-May19 |
| 7 | 54085 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54085-May19 |
| 8 | 54085 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-FII-54085-May19 |
| 9 | 54085 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54085-May19 |
| 10 | 54035 | DLI-दिल्ली | JHL-जाखल जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 840 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54035-May19 |
| 11 | 54035 | DLI-दिल्ली | JHL-जाखल जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 840 | 100000 | 1180 | SLR-FII-54035-May19 |
| 12 | 54035 | DLI-दिल्ली | JHL-जाखल जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 840 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54035-May19 |
| 13 | 54033 | DLI-दिल्ली | NRW-नरवाना | 4 | F-I | प्रतिदिन | 756 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54033-May19 |
| 14 | 54033 | DLI-दिल्ली | NRW-नरवाना | 4 | F-II | प्रतिदिन | 756 | 100000 | 1180 | SLR-FII-54033-May19 |
| 15 | 54033 | DLI-दिल्ली | NRW-नरवाना | 4 | R-I | प्रतिदिन | 756 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54033-May19 |
| 16 | 54005 | DLI-दिल्ली | BNW-भिवानी | 4 | F-I | प्रतिदिन | 1227 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54005-May19 |
| 17 | 54005 | DLI-दिल्ली | BNW-भिवानी | 4 | F-II | प्रतिदिन | 1227 | 100000 | 1180 | SLR-FII-54005-May19 |
| 18 | 54005 | DLI-दिल्ली | BNW-भिवानी | 4 | R-I | प्रतिदिन | 1227 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54005-May19 |
| 19 | 14731 | DLI-दिल्ली | FKA-फाजिल्का जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 5675 | 100000 | 1180 | SLR-FI-14731-May19 |
| 20 | 14731 | DLI-दिल्ली | FKA-फाजिल्का जं. | 4 | F-2 | प्रतिदिन | 5675 | 100000 | 1180 | SLR-FII-14731-May19 |
| 21 | 14731 | DLI-दिल्ली | FKA-फाजिल्का जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 5675 | 100000 | 1180 | SLR-RI-14731-May19 |
| 22 | 14164 | MTC-मेरठ सिटी | ALD-इलाहाबाद जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 6632 | 100000 | 1180 | SLR-FI-14164-May19 |
| 23 | 14164 | MTC-मेरठ सिटी | ALD-इलाहाबाद जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 6632 | 100000 | 1180 | SLR-FII-14164-May19 |
| 24 | 14164 | MTC-मेरठ सिटी | ALD-इलाहाबाद जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 6632 | 100000 | 1180 | SLR-RI-14164-May19 |
| 25 | 54303 | DLI-दिल्ली | KLK-कालका जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 5619 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54303-May19 |
| 26 | 54303 | DLI-दिल्ली | KLK-कालका जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 5619 | 100000 | 1180 | SLR-FII-54303-May19 |
| 27 | 54303 | DLI-दिल्ली | KLK-कालका जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 5619 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54303-May19 |
| 28 | 12013 | NDLS-नयी दिल्ली | ASR-अमृतसर जं. | 3.9 | F-I | प्रतिदिन | 6154 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12013-May-19 |
| 29 | 51909 | DLI-दिल्ली | SRE-सहारनपुर जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 3856 | 100000 | 1180 | SLR-FI-51909-May-19 |
| 30 | 51909 | DLI-दिल्ली | SRE-सहारनपुर जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 3856 | 100000 | 1180 | SLR-F2-51909-May-19 |
| 31 | 51909 | DLI-दिल्ली | SRE-सहारनपुर जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 3856 | 100000 | 1180 | SLR-RI-51909-May-19 |
| 32 | 51913 | DLI-दिल्ली | SRE-सहारनपुर जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 3856 | 100000 | 1180 | SLR-FI-51913-May-19 |
| 33 | 51913 | DLI-दिल्ली | SRE-राहारनपुर जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 3856 | 100000 | 1180 | SLR-FII-51913-May-19 |
| 34 | 51913 | DLI-दिल्ली | SRE-सहारनपुर जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 3856 | 100000 | 1180 | SLR-RI-51913-May-19 |
| 35 | 12481 | DLI-दिल्ली | SGNR-श्रीगंगानगर | 4 | F-I | प्रतिदिन | 6944 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12481-May-19 |
| 36 | 12481 | DLI-दिल्ली | SGNR-श्रीगंगानगर | 4 | F-II | प्रतिदिन | 6944 | 100000 | 1180 | SLR-FII-12481-May-19 |
| 37 | 12481 | DLI-दिल्ली | SGNR-श्रीगंगानगर | 4 | R-I | प्रतिदिन | 6944 | 100000 | 1180 | SLR-RI-12481-May-19 |
| 38 | 54471 | DLI-दिल्ली | RKSH- ऋषिकेश | 4 | F-I | प्रतिदिन | 5390 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54471-May-19 |
| 39 | 54471 | DLI-दिल्ली | RKSH- ऋषिकेश | 4 | R-I | प्रतिदिन | 5390 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54471-May-19 |
| 40 | 54475 | DLI-दिल्ली | HW- हरिद्वार | 4 | F-I | प्रतिदिन | 4902 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54475-May-19 |
| 41 | 54475 | DLI-दिल्ली | HW- हरिद्वार | 4 | R-I | प्रतिदिन | 4902 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54475-May-19 |
| 42 | 22454 | MTC-मेरठ सिटी | LJN-लखनऊ एन ई. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 5133 | 100000 | 1180 | SLR-FI-22454-May-19 |
| 43 | 51911 | DLI-दिल्ली | SRE-सहारनपुर | 4 | F-I | प्रतिदिन | 2722 | 100000 | 1180 | SLR-FI-51911-May-19 |
| 44 | 51911 | DLI-दिल्ली | SRE-सहारनपुर | 4 | F-II | प्रतिदिन | 2722 | 100000 | 1180 | SLR-FII-51911-May-19 |
| 45 | 51911 | DLI-दिल्ली | SRE-राहारनपुर | 4 | R-I | प्रतिदिन | 2722 | 100000 | 1180 | SLR-RI-51911-May-19 |
| 46 | 22110 | NZM-ह. निजामुद्दीन | LTT-लोकमान्य तिलक ट. | 3.9 | F-I | बुधवार | 13767 | 100000 | 1180 | SLR-FI-22110-May-19 |
| 47 | 12457 | DEE-दिल्ली सराय रो. | BKN-बीकानेर | 4 | F-I | प्रतिदिन | 7272 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12457-May-19 |
| 48 | 12457 | DEE-दिल्ली सराय रो. | BKN-बीकानेर | 4 | F-II | प्रतिदिन | 7272 | 100000 | 1180 | SLR-FII-12457-May-19 |
| 49 | 12457 | DEE-दिल्ली सराय रो. | BKN-बीकानेर | 4 | R-I | प्रतिदिन | 7272 | 100000 | 1180 | SLR-RI-12457-May-19 |
| 50 | 12455 | DEE-दिल्ली सराय रो. | BKN-बीकानेर | 4 | F-I | प्रतिदिन | 8312 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12455-May-19 |
| 51 | 12455 | DEE-दिल्ली सराय रो. | BKN-बीकानेर | 4 | R-I | प्रतिदिन | 8312 | 100000 | 1180 | SLR-RI-12455-May-19 |
| 52 | 12981 | DEE-दिल्ली सराय रो. | UDZ-उदयपुर सिटी | 4 | F-I | प्रतिदिन | 6990 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12981-May-19 |
| 53 | 12981 | DEE-दिल्ली सराय रो. | UDZ-उदयपुर सिटी | 4 | F-II | प्रतिदिन | 6990 | 100000 | 1180 | SLR-FII-12981-May-19 |
| 54 | 12981 | DEE-दिल्ली सराय रो. | UDZ-उदयपुर सिटी | 4 | R-I | प्रतिदिन | 6990 | 100000 | 1180 | SLR-RI-12981-May-19 |
| 55 | 12459 | NDLS-नयी दिल्ली | ASR-अमृतसर | 4 | F-I | प्रतिदिन | 5049 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12459-May-19 |
| 56 | 12459 | NDLS-नयी दिल्ली | ASR-अमृतसर | 4 | F-II | प्रतिदिन | 5049 | 100000 | 1180 | SLR-FII-12459-May-19 |
| 57 | 12459 | NDLS-नयी दिल्ली | ASR-अमृतसर | 4 | R-I | प्रतिदिन | 5049 | 100000 | 1180 | SLR-RI-12459-May-19 |
| 58 | 12047 | NDLS-नयी दिल्ली | FZR-फिरोजुर कैंट | 3.9 | F-I | सोमवार, शुक्रवार | 5588 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12047-May-19 |
| 59 | 12011 | NDLS-नयी दिल्ली | KLK-कलका | 3.9 | F-I | प्रतिदिन | 4834 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12011-May-19 |
| 60 | 12005 | NDLS-नयी दिल्ली | KLK-कलका | 3.9 | F-I | प्रतिदिन | 4834 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12005-May-19 |
| 61 | 54417 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54417-May-19 |
| 62 | 54417 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-FII-54417-May-19 |
| 63 | 54417 | DLI-दिल्ली | RE-रेवाड़ी जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 528 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54417-May-19 |
| 64 | 54031 | DLI-दिल्ली | JIND-जींद जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 645 | 100000 | 1180 | SLR-FI-54031-May-19 |
| 65 | 54031 | DLI-दिल्ली | JIND-जींद जं. | 4 | F-2 | प्रतिदिन | 645 | 100000 | 1180 | SLR-FII-54031-May-19 |
| 66 | 54031 | DLI-दिल्ली | JIND-जींद जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 645 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54031-May-19 |
| 67 | 14095 | DEE-दिल्ली सराय रो. | KLK-कालका जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 3966 | 100000 | 1180 | SLR-FI-14095-May-19 |
| 68 | 14095 | DEE-दिल्ली सराय रो. | KLK-कालका जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 3966 | 100000 | 1180 | SLR-FII-14095-May-19 |
| 69 | 14095 | DEE-दिल्ली सराय रो. | KLK-कालका जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 3966 | 100000 | 1180 | SLR-RI-14095-May-19 |
| 70 | 14681 | NDLS-नई दिल्ली | JUC-जालंधर सिटी | 4 | F-I | प्रतिदिन | 4972 | 100000 | 1180 | SLR-FI-14681-May-19 |
| 71 | 14681 | NDLS-नई दिल्ली | JUC-जालंधर सिटी | 4 | F-II | प्रतिदिन | 4972 | 100000 | 1180 | SLR-FII-14681-May-19 |
| 72 | 14681 | NDLS-नई दिल्ली | JUC-जालंधर सिटी | 4 | R-I | प्रतिदिन | 4972 | 100000 | 1180 | SLR-RI-14681-May-19 |
| 73 | 22472 | DEE-दिल्ली सराय रो. | BKN-बीकानेर जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 5133 | 100000 | 1180 | SLR-FI-22472-May-19 |
| 74 | 22472 | DEE-दिल्ली सराय रो. | BKN-बीकानेर जं. | 4 | F-II | प्रतिदिन | 5133 | 100000 | 1180 | SLR-FII-22472-May-19 |
| 75 | 22472 | DEE-दिल्ली सराय रो. | BKN-बीकानेर जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 5133 | 100000 | 1180 | SLR-RI-22472-May-19 |
| 76 | 14519 | DLI-दिल्ली | BTI-भटिंडा जं. | 4 | F-I | प्रतिदिन | 4353 | 100000 | 1180 | SLR-FI-14519-May-19 |
| 77 | 14519 | DLI-दिल्ली | BTI-भटिंडा जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 4353 | 100000 | 1180 | SLR-RI-14519-May-19 |
| 78 | 12963 | NZM-हज़रत निजामुद्दीन | UDZ-उदयपुर सिटी | 4 | F-I | प्रतिदिन | 10809 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12963-May-19 |
| 79 | 12963 | NZM-हज़रत निजामुद्दीन | UDZ-उदयपुर सिटी | 4 | R-I | प्रतिदिन | 10809 | 100000 | 1180 | SLR-RI-12963-May-19 |
| 80 | 54402 | MTC-मेरठ सिटी | KRJ-खुर्जा जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 2012 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54402-May-19 |
| 81 | 54404 | MTC-मेरठ सिटी | KRJ-खुर्जा जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 2012 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54404-May-19 |
| 82 | 54406 | MTC-मेरठ सिटी | KRJ-खुर्जा जं. | 4 | R-I | प्रतिदिन | 2012 | 100000 | 1180 | SLR-RI-54406-May-19 |
| 83 | 12029 | NDLS-नई दिल्ली | ASR-अमृतसर जं. | 3.9 | F-I | सोमवार, मंगलवार बुधवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार | 6154 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12029-May-19 |
| 84 | 12045 | NDLS-नई दिल्ली | CDG-चंडीगढ़ | 3.9 | F-I | सोमवार, मंगलवार बुधवार, गुरूवार शुक्रवार, शनिवार | 4423 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12045-May-19 |
| 85 | 12031 | NDLS-नई दिल्ली | ASR-अमृतसर जं. | 3.9 | F-I | गुरूवार | 6154 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12031-May-19 |
| 86 | 12040 | NDLS-नई दिल्ली | KGM-काठगोदाम | 3.9 | F-I | प्रतिदिन | 4637 | 100000 | 1180 | SLR-FI-12040-May-19 |
| 87 | 22463 | DEE-दिल्ली सराय रो. | BKN-बीकानेर जं. | 4 | F-I | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 7074 | 100000 | 1180 | SLR-FI-22463-May-19 |
| 88 | 22463 | DEE-दिल्ली सराय रो. | BKN-बीकानेर जं. | 4 | R-I | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 7074 | 100000 | 1180 | SLR-RI-22463-May-19 |

इच्छुक बोलीदाता ई–निविदा की आधिकारिक वेब साइट **www.ireps.gov.in** से निविदा के बारे में जानकारी ले सकते हैं और निविदा को जमा कर सकते हैं।

**विशेष सूचना :–**

1. इस ई–टेंडर में भाग लेने हेतु–इच्छुक बोलीदाताओं को इन्फॉर्मेशन टेकनोलॉजी एक्ट, 3–के अनुसार वैध क्लास 2000 डिजिटल सेक्यूरिटी सर्टिफिकेट (DSC) प्राप्त करना अनिवार्य होगा जोकि कंट्रोलर ऑफ सर्टिफाइंग आथोरिटी (CCA) भारत सरकार के अधीन किसी भी सर्टिफाइंग आथोरिटी से प्राप्त किया जा सकता है। सर्टिफाइंग आथोरिटी की जानकारी **www.cca.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।
2. इस ई–टेंडर में भाग लेने हेतु–इच्छुक बोलीदाताओं को भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर वैध क्लास 3–डिजिटल सेक्यूरिटी सर्टिफिकेट (DSC) के द्वारा पंजीकृत करना अनिवार्य होगा, यदि पहले पंजीकरण नहीं करवाया है तो। बोलीदाता के पंजीकरण एवं इस ई–निविदा में भाग लेने से संबंधित सभी जानकारी भारतीय रेल की अधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भी उपलबध है।

1616/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कोंडागांव में पांच बारूदी सुरंगें बरामद

रायपुर, (भाषा)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कोंडागांव जिले में सुरक्षा बलों ने पांच शक्तिशाली बारूदी सुरंगें बरामद की हैं। कोंडागांव जिले के पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को भाषा को दूरभाष पर बताया कि जिले के केसकाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत उपरचंदेली और खालीचंदेली गांव के करीब सुरक्षा बलों ने पांच कूकर के भीतर बंद 10 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों द्वारा क्षेत्र में बारूदी सुरंग लगाने की सूचना मिलने के बाद डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया। दल जब उपरचंदेली और खालीचंदेली गांव के करीब था तब उन्हें वहां बारूदी सुरंग होने की जानकारी मिली। बाद में पुलिस दल ने सभी बारूदी सुरंग को नष्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने बारूदी सुरंग को कुएं के करीब लगाया था। जिससे इस गर्मी में गश्त के दौरान सुरक्षा बल पानी के लिए वहां पहुंचे और विस्फोटक की चपेट में आ जाएं, लेकिन इससे पहले विस्फोटकों को जब्त कर नष्ट कर दिया गया।

# तीन करोड़ की कोकीन के साथ केन्याई गिरफ्तार

मुम्बई, (भाषा)। महानगर के कई हिस्से में उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन की कथित आपूर्ति करने वाले केन्या के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि उसके पास से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया है, जिसका बाजार मूल्य तीन करोड़ रूपया है। मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) की बांद्रा इकाई ने शुक्रवार रात यह बरामदगी की। एक अधिकारी ने बताया, कार्टर रोड इलाके में एएनसी की गश्त टीम ने एक व्यक्ति को रोककर उससे हरा थैला जब्त किया। जांच में उसके पास से तीन करोड़ छह हजार रुपये मूल्य की उच्च गुणवत्ता का आधा किलोग्राम से अधिक कोकीन बरामद हुई। व्यक्ति की पहचान केन्याई नागरिक डेविड लेमरॉन ओल तुबुलाई के तौर पर हुई। उन्होंने कहा, हमारी जांच में पता चला कि वह खार, जुहू और वार्सोवा जैसे पॉश इलाकों में कोकीन के तस्करों में शामिल है। उसके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है।

# लादेन को 'जी' और नाइक को 'शांतिदूत' कहने वालों की हार तय है : विजयवर्गीय

भोपाल, (वार्ता) । भारतीय जनता पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने भोपाल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह के 'देश में महात्मा गांधी के हत्यारे की विचारधारा की जीत' संबंधित बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि लादेन को 'जी' और नाइक को 'शांतिदूत' कहने वालों की इस देश में हार तय है। श्री विजयवर्गीय ने अपने ट्वीट में कहा - इसे ही कहते हैं खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे। श्री सिंह अपनी हार को गोडसे की विचारधारा की जीत बता रहे हैं। दिग्गी राजा इस देश मे गोडसे की विचारधारा कभी नहीं जीत सकती। हाँ, आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को 'जी' और जाकिर नाईक को 'शांतिदूत' कहने वालों का हारना अवश्य तय है। श्री सिंह ने अपनी हार के बाद कल यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा था कि वे जनादेश स्वीकार करते हैं, लेकिन उनकी निजी चिंता यह है कि देश में महात्मा गांधी के हत्यारे की विचाधारा जीत गयी। और शांतिदूत महात्मा गांधी की विचारधारा हार गयी। श्री सिंह की भाजपा प्रत्याशी प्रज्ञा सिंह ठाकुर से करीब साढ़े तीन लाख से ज्यादा मतों से पराजय हुई है।